लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 3008

31 दिसंबर, 2018 को उत्तर के लिए

राष्ट्रीय खनिज विकास निगम

3008. श्रीमती कमला पाटलेः

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या राष्ट्रीय खनिज विकास निगम (एन॰एम॰डी॰सी॰) देश में अपने कुल कारोबार का 80 प्रतिशत केवल छत्तीसगढ़ से कर लेता है और क्या बड़ी लौह अयस्क खानें छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में स्थित हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या छत्तीसगढ़ सरकार के जनप्रतिनिधियों को एन॰एम॰डी॰सी॰ के बोर्ड में शामिल किया गया है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं और इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है;

(घ) क्या एन॰एम॰डी॰सी॰ का कार्यालय/ मुख्यालय छत्तीसगढ़ के बस्तर में स्थापित करने की मांग सरकार के पास लंबित है; और

(ङ) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं और सरकार द्वारा इस संबंध में क्या अनुवर्ती कार्रवाई की गई है और लंबित मांगों को कब तक पूरा किए जाने की संभावना है?

उत्तर

इस्पात राज्य मंत्री (श्री विष्णु देव साय)

(क): जी नहीं। छत्तीसगढ़ में एनएमडीसी के व्यापार से वित्त वर्ष 2017-18 में राजस्व लगभग 65% था। छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में स्थित लौह अयस्क खानों का ब्यौरा निम्नानुसार है:

खान का नाम	खान का पता
बैलाडिला - डिपॉजिट सं. 14/11सी	किरंदुल कॉम्प्लेक्स
बैलाडिला - डिपॉजिट सं. 11बी	
बैलाडिला - डिपॉजिट सं. 5	बचेली कॉम्प्लेक्स
बैलाडिला - डिपॉजिट सं. 10/11ए	

(ख) और (ग): जी नहीं। एनएमडीसी के बोर्ड में नियुक्तियाँ भारत सरकार के नीतिगत दिशा-निर्देशानुसार होती हैं।

(घ): जी नहीं।

(ङ): उपरोक्त (घ) के मद्देनजर, प्रश्न नहीं उठता।

****